दुर्घटना | कुठला थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल क्षेत्र के लमतरा ब्रिज के पास हुआ भीषण सड़क हादसा

# ट्रक की टक्कर से पलटी बस, 3 की मौत, 35 घायल

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत लमतरा स्थित इंडस्ट्रियल एरिया ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने यात्री बस को टक्कार मार दी। जिसके कारण यात्री बस पलट गई। भीषण हादसे में में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि लगभग 35 यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बस और ट्रक की टक्कर के दौरान जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। टक्कर के बाद एक महिला यात्री कई फीट दूर जा गिरी। इसके बाद ट्रक उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कई यात्री बस के अंदर और नीचे फंस गए। घायल खून से सने कपड़ों में मदद के लिए





आवाज लगाते रहे। दो यात्री बस के नीचे दबे थे, जबकि एक व्यक्ति ट्रक के केबिन में फंस गया था। सड़क पर यात्रियों का सामान बिखर गया। अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बस के नीचे दबे यात्रियों और ट्रक में फंसे व्यक्ति को निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। स्थानीय लोगों की सहायता से लगभग 35 मिनट तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। हादसे के कारण कटनी-विजयराघवगढ़ मार्ग पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस ने यातायात बहाल कराया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हुई है और घायलों का जिला अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। मृतकों की शिनाख्त कुशमा गांव निवासी किशन कोल, झिरिया गांव निवासी नीलम प्रजापति, खरख्री गांव निवास राजू चौधरी के रूप में की गई है। हादसे में प्रेम भाई, कृष्णा भाई, भूरा चौधरी, राधाबाई, प्रेमलाल चौधरी, रीना चक्रवर्ती, रानी, पार्वती, मिली, राम बर्मन, वर्षा बर्मन, शिवा बर्मन, सूर्य बर्मन, शैलेष सोनी, अंजनी कुशवाहा, वीर कुशवाहा, चांदनी कुशवाहा, रंजन पाल, वंशिका लोधी, संध्या सोनी, रामवीर सोनी, ओमप्रकाश पटेल, दिवाकर दुबे, देवीदीन, जितेंद्र मिश्रा, अमित पटेल और माली आदिवासी समेत कई यात्री घायल हुए हैं। सभी का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच कर रही है।



## सड़क पर तीन साल से गड्ढा, नहीं हो रहा मरम्मत कार्य

**बड़वारा से रूपौंद के बीच हर समय हादसे की आशंका**

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बड़वारा से रूपौद के बीच बनी मुख्य सड़क पर एक 10 फीट गहरा गड्ढा राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। तीन साल से इसकी मरम्मत नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। यह गड्ढा पिछले तीन वर्षों से एक ही स्थान पर बना हुआ है। प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की उदासीनता के कारण इसकी सुध नहीं ली गई है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बड़वारा और रूपोद के बीच की यह मुख्य सड़क तीन साल से एक जगह से बैठ गई है। सड़क ऊपर से जितनी कटी दिख रही है, अंदर ही अंदर वह उससे कहीं ज्यादा खोखली हो गई है। भारी वाहनों के गुजरने पर यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पिछले वर्ष एक भैंस इसी गहरे गड्ढे में गिर गई थी, जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया, लेकिन बाद में उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय ग्राम प्रधान से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों तक को लिखित और मौखिक रूप से जानकारी दी गई। लेकिन अब तक इस गड्ढे को भरने या सड़क की मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

### एक नजर में

## तीन महीने जिले से बाहर रहेगा आदतन अपराधी

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने बंगला लाईन थाना माधवनगर निवासी साहिल वंशकार पिता रमेश उर्फ लल्लू वंशकार के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने जिला बदर की यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। प्रतिवेदन के अनुसार साहिल वंशकार एक आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ थाना माधवनगर में 6 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिसमें आमजन के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, शासकीय कार्य में बाधा डालना और तोड़फोड़ करना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा साहिल के विरूद्ध कई बार वैधानिक और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई हैं, फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आपराधिक गतिविधियां जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने साहिल वंशकार को 24 घंटे के अंदर जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश दिया है।

## उग्र हुई युवा कांग्रेस, चुनाव आयोग का पुतला फूंका

**मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने का विरोध जारी**

**नवभारत, कटनी।** शहर के कचहरी चौराहे युवा कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन करते हुए चुनाव आयोग का पुतला फूंका। चुनाव आयोग के पुतले को जलाने से रोकने के लिए पुलिस फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार कराई, बावजूद इसके कांग्रेसियों ने पुतला फूंक प्रदर्शन को सफल बना लिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या पर कर रही है। चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट बनकर कार्य कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सरकार




संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है, उससे देश और देश की जनता दोनों का नुकसान हो रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन जानबूझकर रद्द कराया गया है। भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि वह देश से लोकतांत्रिक व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त करना चाहती है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष इजरायल, कांग्रेस नेत्री सौम्या रांधेलिया, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, अजय खटिक, मुड़वारा सचिन गर्ग, शशांक गुप्ता सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

## माउंट एवरेस्ट को फतह करने की तैयारी में पर्वतारोही गजराज लोधी

**सांसद वीडी शर्मा ने दी बधाई और शुभकामनाएं**

**नवभारत, बाकल।** जिले के बहोरीबंद निवासी गजराज (गोविंद प्रसाद) लोधी देश के सर्वोच्च साहसिक अभियानों में शामिल माउंट एवरेस्ट फतह करने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि की दिशा में बढ़ते कदम न केवल बहोरीबंद और कटनी जिले बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय बन गए हैं। हाल ही में बहोरीबंद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान खजुराहो लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने गजराज लोधी को बधाई देते हुए



उनके आगामी एवरेस्ट अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। सांसद ने कहा कि युवाओं का साहस, संकल्प और देशभक्ति समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है तथा गजराज की उपलब्धियां क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रही हैं। गजराज लोधी इससे पहले भी पर्वतारोहण के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की लगभग 4,800 मीटर ऊंची श्रीतिधर पर्वत चोटी पर सफलतापूर्वक पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया था। इस उपलब्धि ने उन्हें साहसिक खेलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई। अब उनका लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट है। यदि वे इस अभियान में सफल होते हैं तो बहोरीबंद क्षेत्र से एवरेस्ट फतह करने वाले चुनिंदा पर्वतारोहियों में शामिल होकर मध्यप्रदेश के लिए एक नया इतिहास रचेंगे। क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने गजराज लोधी को शुभकामनाएं देते हुए उनके अभियान की सफलता की कामना की है। गजराज का यह प्रयास युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर संघर्ष करने की प्रेरणा दे रहा है।

## फसल की सिंचाई से गहराया जलसंकट, गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

**उमरियापान क्षेत्र के टोला ग्राम पंचायत में बढ़ी परेशानी**

**नवभारत, उमरियापान।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत टोला में इन दिनों पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उड़द एवं मूंग की फसलों की सिंचाई के लिए दिन-रात बड़े पैमाने पर पंपों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे गांव में जलस्तर प्रभावित हो रहा है और आम लोगों को पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर घरेलू विद्युत कनेक्शनों



और ट्रांसफार्मरों का उपयोग सिंचाई कार्य के लिए किया जा रहा है। बिजली सप्लाई चालू रहते ही खेतों में लगे पंप लगातार संचालित होते रहते हैं, जिससे पेयजल स्रोतों पर दबाव बढ़ गया है। परिणामस्वरूप अनेक परिवारों को गंदा और अशुद्ध पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से कई बार शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभागों का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जल संकट के कारण लोगों को दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि सिंचाई के लिए हो रहे अनियमित विद्युत उपयोग की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए और गांव में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में जल संकट और भी गंभीर रूप धारण कर सकता है और परेशानी बढ़ सकती है।

## 12 वर्ष पूरे होने पर गिनाई गई सरकार की उपलब्धियां

**विकसित भारत संकल्प सम्मेलन और प्रदर्शनी का शुभारंभ**

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, विकास, विश्वास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूरा होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सम्मेलन और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिला कार्यालय में




आयोजित प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, रामचन्द्र तिवारी, चमनलाल आनंद, सत्यनारायण अग्रहरि शशांक श्रीवास्तव, रम्मू साहू, मृदुल मिश्रा, श्याम निषाद मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष देव मिश्रा ने किया।

## जुआ फड़ का वीडियो वायरल, पुलिस ने शुरू की जांच

**स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है वीडियो**

**नवभारत, कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में एक खुले खेत में बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने का वीडियो सामने आया है। रविवार को वायरल हुए इस वीडियो में सैकड़ों लोग ताश के पत्तों पर लाखों-हजारों रुपए का दांव लगाते दिख रहे हैं। इस घटना ने पुलिस के अपराध नियंत्रण के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वीडियो स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के एक



गांव का है। वीडियो में जुआरियों की संख्या और उनके बेखौफ अंदाज को देखते हुए, स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर दिनदहाड़े जुआ फड़ के संचालन होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस छोटे-बड़े अपराधों को अंजाम देने से पहले ही आरोपियों को पकड़ने और अपने मुखबिर तंत्र के सक्रिय होने का दावा करती है, ऐसे में खुले आसमान के नीचे इतने बड़े जुआ फड़ पर समय रहते कार्रवाई नहीं होने पुलिस की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। पुलिस का कहना है कि वीडियो को देखकर जानकारी जुटाई जा रही है।

## नहाने के लिए तालाब गईं दो सगी बहनों की डूबने से मौत, रेस्क्यू कर निकाले गए दोनों के शव

**बलराम तालाब में हुई घटना गांव में मातम का माहौल**

**नवभारत, बाकल।** बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मढिया (पटना) में शनिवार को एक हृदयविदारक हादसे में दो सगी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोपहर में नहाने के लिए घर से निकली दोनों किशोरियां देर शाम तक घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दोनों को बलराम तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम मढिया (पटना) निवासी निधि लोधी (16 वर्ष) एवं उसकी छोटी बहन नेहा लोधी (14 वर्ष) शनिवार दोपहर करीब 3:30 से 4 बजे के बीच गांव के बलराम तालाब में नहाने के लिए गई थीं। काफी समय बीतने के बाद भी दोनों के घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई।

पहले परिजनों ने आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजन तालाब पहुंचे, जहां दोनों का कोई पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका के चलते तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बाकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से तालाब में खोजबीन शुरू कराई। कई घंटों तक चले सर्च अभियान के दौरान दोनों बहनों को तालाब से बाहर निकाला गया। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। इस दुखद घटना के बाद मृतक बहनों के घर में मातम पसरा हुआ है। माता-पिता सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। एक साथ दो बेटियों की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। पूरे मढिया गांव में गम और सन्नाटा छाया हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों बहनें पढ़ाई में मेधावी और होनहार छात्राएं थीं। नेहा लोधी बहोरीबंद स्थित संदीपनी विद्यालय में कक्षा 11वीं और निधि लोधी कक्षा 9वीं की छात्रा थीं।

आरोप | कांग्रेस पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में चुनाव आयोग पर लगाए भाजपा के दबाव में कार्य करने के आरोप

# प्रतिवादी और अभियुक्त की कानूनी स्थिति अलग-अलग, नामांकन निरस्त करना गलत

**नवभारत, कटनी।** कांग्रेस द्वारा जिला कार्यालय में रविवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया था। कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला प्रभारी मनु मिश्रा, महिला कांग्रेस प्रभारी विजयलक्ष्मी मिश्रा मौजूद रही। इस मौके पर जिला कांग्रेस प्रभारी और जिला अध्यक्ष ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी आज पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर पत्रकार वार्ताओं के माध्यम से देश और प्रदेश की जनता के सामने एक अत्यंत गंभीर विषय रख रही है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी




नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया, निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि जिस प्रकार की आपत्तियों और व्याख्याओं के आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गया, उसने पूरे देश में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस महासचिव और मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सांसद डॉ विवेक तन्खा, वरिष्ठ अधिवक्तता अभिषेक मनु सिंघवी सहित कांग्रेस नेतृत्व ने लगातार यह प्रश्न उठाया है कि क्या चुनावी प्रक्रिया कानून के अनुरूप संचालित होगी या राजनीतिक दबावों के आधार पर चलेगी। पत्रकारवार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि पहला, जिस निजी परिवाद का उल्लेख किया गया है, उसमें मीनाक्षी नटराजन को अभियुक्त नहीं बल्कि प्रतिवादी के रूप में दर्शाया गया है। प्रतिवादी और अभियुक्त की कानूनी स्थिति अलग-अलग होती है। वहीं जिला प्रभारी मनु मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33 और फॉर्म-26 की व्यवस्था का उद्देश्य उन आपराधि मामलों की जानकारी प्राप्त करना है जिनमें उम्मीदवार के विरुद्ध विधिवत आपराधिक कार्रवाई चल रही हो और कानून के अनुरूप आवश्यक प्रकटीकरण अपेक्षित हो। कांग्रेस का मत है कि जिस आधार नामांकन निरस्त करने का कारण बनाया गया, वह इन प्रावधानों की भावना और व्याख्या से मेल खाता।

## रेत चोरी करने बनाए गए रास्तों को जेसीबी से हटाया

**विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** रेत का अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। रेत माफिया द्वारा नदी घाटों तक पहुंचने के लिए बनाए गए रास्तों को पुलिस ने जेसीबी से हटा दिया है। कार्रवाई के बाद रेत का अवैध खनन और परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने



बताया कि महानदी से रेत उत्खनन, परिवहन के लिए कोई वैध कंपनी नहीं होने और रेत उत्खनन और परिवहन पर रोक लगी होने के बावजूद भी थाना विजयराघवगढ़ अंतर्गत आने वाली महानदी के कई स्थानों पर अवैध रेत कारोबारियों द्वारा नदी के अंदर जाने का रास्ता तैयार कर अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था और थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरा, हन्तला, भिम्पार, घुनौर, खिरवा नम्बर 1, चेहला टोला खिरवा से गुजरने वाली महानदी में अवैध रूप से रास्ता बनाकर वाहनों को नदी के अंदर ले जाकर अवैध रूप से रेत परिवहन किया जा रहा था। इसी तारतम्य में विजयराघवगढ़ पुलिस टीम के द्वारा अवैध रेत कारोबारियों द्वारा तैयार किए गए रास्तो में गड्ढा खुदवाकर रास्ता बंद किया गया, ताकि अवैध रेत के खनन परिवहन पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस ने कहा है कि रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन की सूचना तत्काल पुलिस को दें।